卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 347 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦25 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# व्यापारियों के साथ धरने पर बैठे बेहड़

## अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों को उजाड़े जाने के खिलाफ कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर अतिक्रमण की आड़ में किच्छा से उजाड़े गए परिवारों के पुर्नवास तथा व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने की मांग की। उन्होंने इस संदर्भ में जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। श्री बेहड़ ने कहा कि किच्छा के वार्ड 05 बडिया में 27 मई को शासन द्वारा अतिक्रमण की आड़ में सैंकड़ो दुकानों व घरों को तोड़कर सैंकड़ो लोगों को बेघर कर दिया गया था। जो काफी लम्बे समय से वहां पर निवास कर रहे थे। इसी प्रकार शासन द्वारा 21 सितंबर को दोबारा कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण कीआड़ में किच्छा हल्दवानी बाईपास से आनंद पुर मोड़ तक कई दशकों से रह रहें निवासियों को अकस्मात उजाड़ दिया गया है। इनमें से बहुत से परिवार वालों के पास उनके सालों से निवास करने के प्रमाण पत्र के तौर पर स्थाई निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली का बिल, आधार कार्ड सभी साक्ष्य होते हुए भी इनको उजाड़ दिया गया है। ये सभी मूल रूप से उत्तराखण्ड के ही निवासी है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमण में की गयी कार्यवाही में ये सभी लोग बेघर हो गए है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण की आड़ में लगभग सैकड़ों परिवार यहाँ से हटाये गए है, ये परिवार कई दशकों से यहाँ पर अपना व्यवसाय अथवा निवास कर रहे थे। इन सभी उजाड़े गए परिवारों पर रोजी-रोटी का गहरा संकट खड़ा हो गया है। ये सभी परिवार छोटे-छोटे बच्चों के साथ बेघर हो गए है। उजाड़े गए निवासियों की स्थिति भी बहुत खराब हो गयी हैं ये भुखमरी के कागार पर आ गए है अपने परिवारों का लालन पोषण के साथ बच्चों को शिक्षा दिलाने में असमर्थ है। श्री बेहड़ ने कहा कि अतिक्रमण की आड़ में किच्छा शहर के अन्दर भी कई वर्षों से अपना व्यवसाय कर रहे लोगों को लोक निर्माण विभाग द्वारा उनके व्यवसाय(शेष पृष्ठ सात पर)



# किच्छा में रुद्रपुर के युवक का शव मिला

किच्छा(उद संवाददाता)। आदित्य चौक से के पास बसंत गार्डन के सामने एक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक की बाइक भी मौके पर मिली है। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सड़क किनारे पानी की गूल में एक युवक की लाश पड़ी हुई है । पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर आसपास जांच की तो थोड़ी ही दूर पर बिजली के खंभे से लगी हुई एक यूपी नंबर की मोटरसाइकिल दिखाई दी जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि युवक के पास कोई भी आईडी कार्ड प्राप्त नहीं हुआ। बाद में छानबीन करने पर मृतक की शिनाख्त हर्ष पुत्र अशोक कुमार रस्तोगी निवासी ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर के रूप में हुई। संभावना व्यक्त की जा रही है कि शायद मोटर साइकिल सवार तेज गति से बिजली के खंभे पर टकरा गया होगा जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन हेतु भेज दिया है। तथा मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।



# एसओजी व पुलिस ने तीन बाइक चोर दबोचे

काशीपुर(उद संवाददाता)। पलक झपकते मोटरसाइकिल तथा उस पर रखी नगदी व मोबाइल लेकर फरार होने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। ज्ञातव्य है की बीते 20 सितंबर को दोपहर लगभग 1:30 बजे पाकीजा कॉलोनी वार्ड नंबर 2 एसडीएम कोर्ट काशीपुर निवासी मुस्तकीम पुत्र मोहम्मद अयूब जरूरी कार्य वश अपने एक मित्र के साथ गंगे बाबा रोड की ओर गया था इस दौरान झाड़ियां में दीर्घ शंका करते वक्त घात लगाए तीन शातिर चोरों ने उसकी मोटरसाइकिल तथा मोटरसाइकिल पर रखा मोबाइल फोन एवं ढाई हजार रूपए की नगदी समेट ली और मौके से भाग निकले। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद एसओजी की मदद से चेकिंग के दौरान पुलिस ने ढीला पुल के पास से तीन संदिग्धों को मोटरसाइकिल पर फर्राटा भरते हुए शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ (शेष पृष्ठ सात पर)



# दुकान में शराब पीते ग्राहकों का चालान,दुकान स्वामी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुपर मार्केट में दुकान में ग्राहकों को शराब परोसते स्वामी को पुलिस ने शराब सहित गिरफ्तार कर शराब पी रहे ग्राहकों का चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार एस आई संदीप शर्मा, हैका. दीप चन्द्र, का. प्रवीन रावत व भवानी राम क्षेत्र में चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम सुपर मार्केट में चिकन कॉर्नर की दुकान पर पहुंची जहां है 2 व्यक्ति बैठकर शराब पीते दिखाई दिए। दुकानदार को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता प्रशान्त विश्वास पुत्र सुशान्त विश्वास निवासी इन्द्रा आदर्श बंगाली कॉलोनी बताया। जो लोग शराब पी रहे हैं एक ने अपना नाम अनिल शर्मा पुत्र राजीव शर्मा निवासी सारन छपरा बिहार हाल पता खेड़ा व दूसरे ने अपना नाम रमेश यादव पुत्र भगवान यादव निवासी दरिया नगर बताया। तलाशी लेने पर मौके से शराब भरे डिस्पोजल गिलास व अंग्रेजी शराब का एक अदधा बरामद किया । पुलिस ने दोनों ग्राहकों का पुलिस एक्ट के तहत चलन कर दुकान स्वामी प्रशांत विश्वास को गिरफ्तार कर लिया।

# कालेज में जलभराव को लेकर छात्र मुखर

किच्छा(उद संवाददाता) ।राजकीय आदर्श महाविद्यालय में जलभराव को लेकर के सैकड़ों छात्रों ने प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष को एक ज्ञापन देकर जल निकासी की समस्या का समाधान करने की मांग की। ज्ञापन मं सप्ताह अंतर्गत जल निकासी न किए जाने को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के घेराव का ऐलान भी किया है। गौर तलब है कि आदर्श राजकीय महाविद्यालय खुरपिया में स्थापित किया गया है। किंतु राष्ट्रीय राजमार्ग और किच्छा बरेली मार्ग के बीच होते हुए गोला नदी में जाने वाले जल निकासी के नाले का बंद होना राजकीय आदर्श महाविद्यालय के लिए अभिशाप बन गया है। आदर्श महाविद्यालय के चारों ओर पानी भरा हुआ है जिससे भयंकर दुर्गंध चारों ओर फैल रही है। छात्रों का कहना है कि इस जल भराव के कारण जहां शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा (शेष पृष्ठ सात पर)



# उत्तरकाशी में फिर भूकंप के झटके

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार आज सुबह 8:35 बजे एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किये गये। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.0 मापी गई है। भूकंप का केंद्र हिमाचल राज्य से लगे मोरी ब्लॉक के कोठीगाड रेंज में जमीन से पांच किमी नीचे था। बता दें वर्ष 1991 के विनाशकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

# उधम सिंह नगर में ‘मातृशक्ति’ को कब मिलेगा वाजिब हक?

## महिला प्रतिनिधित्व पर सियासत की तंगदिली, भाजपा ने आज तक नहीं दिया मातृशक्ति को मौका
## पिछले बीस साल में केवल दो राजनीतिक दलों ने महिलाओं को दिए विधायकी के टिकट

■ अर्श

रूद्रपुर। संसद के विशेष सत्र में महिलाओं के लिए लोकसभा एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित किए जाने संबंधी विधेयक पारित होने के बाद, सभी प्रमुख राजनीतिक दल भले ही इस कदम की बढ़ चढ़कर प्रशंसा कर रहे हो और मिष्ठान वितरण कर खुशियां मना रहे हो पर हकीकत में देखा जाए तो महिलाओं को सियासत में उनका वाजिब हक देने के मामले में अब तक सभी सियासी दल प्राय: बेहद तंग दिल ही रहे हैं। साफ शब्दों में कहें तो महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों का रवैया ष्हाथी के दांत खाने के और तथा दिखाने के और ष्वाला ही रहा है। उत्तराखंड निर्माण के बाद से राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में, उधम सिंह नगर जिले की विधानसभा सीटों में मातृशक्ति को प्रतिनिधित्व दिए जाने के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो, गुजरा हुआ समय महिला प्रतिनिधित्व की दृष्टि से खासा दुर्भाग्यपूर्ण रहा है ।उधम सिंह नगर जिले में के अंतर्गत आने वाली नौ विधानसभा सीटों में आज तक केवल दो राजनीतिक दल ने महिला को अपना प्रत्याशी बनाया है ।वह भी 2022 के विधानसभा चुनाव में। जाहिर है कि राजनीतिक दल मातृशक्ति को तरह-तरह के प्रलोभनों के प्रलोभन देकर उनका वोट तो लेना चाहते हैं ,लेकिन उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने का समय आने पर सदैव ही उन्हें ठेंगा दिखा देते हैं ।कदाचित यही कारण है कि उत्तराखंड निर्माण के दो दशक से ज्यादा का समय गुजर जाने के बावजूद उधम सिंह नगर जिले में आज तक कोई महिला विधायक नहीं निर्वाचित हो पाई ।गौर तलब है कि उत्तराखंड के निर्माण के बाद से अब तक राज्य में चार दफा विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं और इन सभी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ,कांग्रेस ,बहुजन समाज पार्टी ,समाजवादी पार्टी एवं आम आदमी पार्टी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने पूरे दमखम के साथ बेहद सक्रिय रूप से हिस्सा लिया है , मगर इन सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के लिए मसले पर बेहद तंगदिली का परिचय दिया है। बताना होगा कि उधम सिंह नगर जिले के आज तक के विधानसभा चुनाव के इतिहास में केवल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ही किसी महिला को विधानसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाने का साहस जुटा पाई है। और मजे की बात तो यह है कि इन राजनीतिक दलों को भी ऐसा करने में बीस साल का लंबा समय लग गया ।तब जाकर कहीं कांग्रेस पार्टी गुजरे विधानसभा चुनाव में रुद्रपुर विधानसभा सीट पर मीना शर्मा को तथा आम आदमी पार्टी बाजपुर विधानसभा सीट पर सुनीता टम्टा को अपना उम्मीदवार घोषित कर पाई । यह अलग बात है कि इन महिला उम्मीदवारों के पक्ष में महिलाएं ही लामबंद नहीं हो पाई और इन्हें विधानसभा चुनाव में हर का सामना करना पड़ा। विडंबना पूर्ण तथ्य तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी, जिसकी सरकार ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाकर उसे पारित कराया है, ने उधम सिंह नगर जिले की किसी भी विधानसभा सीट पर अब तक किसी भी महिला को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी चुनाव में राजनीतिक दल जीतने की अधिकतम संभावना के आधार पर ही किसी वजनदार एवं मजबूत व्यक्ति को अपना प्रत्याशी घोषित करते हैं ,लेकिन राजनीतिक दलों में ऐसे वजनदार एवं मजबूत प्रत्याशी(शेष पृष्ठ सात पर)



# देश को पॉलिथीन मुक्त बनाने के खेल में सरकार हुई फेल

■ मनोज श्रीवास्तव

### सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद परिवहन विक्रय एवं भंडारण का गैरकानूनी खेल जारी,फड़ों से लेकर फुटकर एवं थोक विक्रेताओं की दुकानों पर जमकर प्रयोग हो रही प्रतिबंधित सामग्री

काशीपुर। सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के उत्पाद परिवहन बिक्रय एवं भंडारण पर जब तक प्रभावी अंकुश नहीं लगेगा सरकार के प्रयास बेमानी साबित होते रहेंगे।सरकार ने दो अक्तूबर 2019 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा रखा है। सरकार का मकसद वर्ष 2022 तक देश को पॉलिथीन मुक्त बनाने का था। इस उद्देश्य से एक जुलाई 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा दिया गया है। नगर निगम की ओर से पॉलिथीन और सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। अब भी शहर में पॉलिथीन और सिंगल यूज





प्लास्टिक का इस्तेमाल धड़ल्ले से हो रहा है। प्रशासन की उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि फड़ों से लेकर फुटकर और थोक विक्रेताओं की दुकानों में इसका प्रयोग खूब हो रहा है। नतीजतन गलियों, सड़कों और नालियों में पॉलिथीन और प्लास्टिक के ढेर लगे हुए हैं। नालियों में पॉलिथीन अटकने के कारण जल-निकासी व्यवस्था भी चरमरा जाती है। इस समस्या का स्थाई हल तब तक नहीं निकलेगा जब तक प्रशासन इसके उत्पाद भंडारण विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाएगा। अब तो दुकानदारों ने ग्राहकों से थैला लेकर आने की अपील करना भी छोड़ दिया है। दुकानदारों का साफ कहना है कि पॉलिथीन तथा सिंगल उसे प्लास्टिक के उत्पाद जब तक खत्म नहीं होंगे उनकी मजबूरी है। यहां बता दें कि काशीपुर जसपुर बाजपुर के अलावा औद्योगिक स्थान महुआ खेड़ा गंज में प्रतिदिन भारी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास कटोरी थाली चम्मच आदि के अलावा पानी की बोतल इत्यादि पर भी आज तक यहां प्रतिबंध नहीं लग सका। नगर क्षेत्र के अलावा समूचे संगठनात्मक जिले में कोई भी दुकान प्रतिष्ठान बड़े स्टोर मॉल ऐसे नहीं है जहां प्रतिबंधित पॉलीथिनका प्रयोग नहींकिया जा रहा है।

## नगर निगम के सीने पर मूंग दल रहा है दुग्ध कारोबारी

काशीपुर। नगर निगम के पिछले गेट के करीब लंबे समय से चल रही एक दूध की डेरी पर प्रतिदिन भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। इस बारे में जब नगर स्वास्थ्य अधिकारी अमरजीत सिंह साहनी से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने कहा कि अब तक तीन लाख का जुर्माना उक्त डेरी संचालक पर किया जा चुका है लेकिन वह इसके बाद भी अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस बात की जानकारी नगर निगम के उच्चाधिकारियों के अलावा मुख्य नगर आयुक्त को भी है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी से यह पूछने पर की ऐसे लोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने का क्या कोई विकल्प है वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। यानी जिम्मेदार अधिकारी जब अपने आसपास सार्थक कार्यवाही को अंजाम नहीं दे पा रहे हैं तो क्षेत्र की क्या हालत होगी अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

## कार्यवाही के नाम पर किए गए नाटक की निकली हवा

काशीपुर। प्रतिबंधित पॉलीथिन पर अंकुश लगाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की यहां पूरी तरह हवा निकल चुकी है। फल जूस की दुकानों के अलावा फास्ट फूड के ठेलों परचून कपड़े गिफ्ट बेकरी के अलावा सब्जी मंडी में अथवा साप्ताहिक हाट बाजार लगने वाली मार्केट में प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है।जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पिछले दिनों सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर जागरूकता रैली निकालते हुए फोटो भी खिंचवाए थे। कार्यवाही के नाम पर किये गए नाटक की हवा निकल गई। प्रदूषण विभाग इस तरह हाथ पैर हाथ रख बैठा है जैसे ही उसका इन कार्यों से कोई सरोकार ही ना हो। नगर निगम की टीम समय-समय पर जुर्माना काटकर कार्यवाही की औपचारिकता पूरी कर रही है।

# वार्ड 13 में मो. दानिश बने कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श के बाद वार्ड नं. 13 दूधियानगर में मो. दानिश को पार्टी का वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया है। वार्ड में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष मो. दानिश को मनोनयन पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने मो. दानिश का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार से जनता का मोह भंग हो गया है। जनता भाजपा को आगामी चुनावों में सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। प्रदेश में नगर निगम चुनाव से भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो जायेगी। भाजपा अब तक जनता से सिर्फ खोखले दावे कर करती आ रही है। जनता भाजपा की इस नीति को समझ चुकी है। पूरे प्रदेश में जनता का रूझान कांग्रेस की ओर है आगामी निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहरायेगा। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा मो. दानिश



जमीन से जुड़े हुए कांग्रेस कार्यकर्ता हैं उनके वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड मे पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी निकाय चुनाव में पार्टी का परचम लहरायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी ने आगामी चुनावों के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। महानगर में लगभग सभी वार्डो में कमेटियों का गठन हो चुका है जल्द ही इसकी सूची प्रदेश हाईकमान को भेज दी जायेगी श्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांध ी की जयंती के उपलक्ष्य में पार्टी पूरे प्रदेश में जयंती सप्ताह मना रही है। जो 25 सितम्बर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसके अंतर्गत वार्ड, ग्राम, ब्लाक, नगर स्तर पर कार्यक्रम होंगे। पूरे सप्ताह तक अलग अलग स्थानों पर गांध ी जी की प्रतिमा के समक्ष मनन और मंथन किया जाएगा और गांधी जी के संदेश और विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। पूरे सप्ताह चलने वाले इन कार्यक्रमों का समापन 2 अक्टूबर को गांधी पार्क में गांधी जी की मूर्ति के समक्ष विशाल सभा के साथ होगा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी। इस अवसर पर विश्वकर्मा, युवा नेता योगेश चौहान, पार्षद अबरार ,नगर सचिव शुभम रस्तोगी, पार्षद वार्ड नम्बर 13 मो अशफाक अंसारी,नगर उपाध्यक्ष इकरार अहमद,अमन जोहरी, पूर्व पार्षद उमर अली वार्ड अध्यक्ष दानिश अंसारी, वार्ड उपाध्यक्ष मो अजीज, वार्ड महामंत्री बबलू अंसारी, वार्ड कोषाध्यक्ष, हाफिज, मोनिष, वार्ड सचिव मो हसन, कांग्रेस नेता अजीज खां, अरशद खां, इरफान अली, डॉक्टर शाहिद राजा, बाबू अहमद मंसूरी, इशरत अली, नसीम कुरेशी,सकूल नबी, इदरीस अंसारी, वकील अहमद ,इम्तियाज बसीद, इकरार नबी ,अकील मियां, शमसेर अंसारी, कामलेश गुप्ता, अब्दुल सामी, सलमान मंसूरी आदि खेड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

# गणेश महोत्सव में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं और क्षेत्र की जनता को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा गांधी कॉलोनी स्थित श्री वैष्णो माता मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची। जहां मंदिर समिति के पदाधिकारीयों ने श्रीमती



शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का भव्य स्वागत किया। उनका पीत वस्त्र डालकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। बाद में श्रीमती शर्मा ने रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश की पूजा की, और क्षेत्र वासियों की दीर्घायु,अच्छे स्वास्थ्य, क्षेत्र की तरक्की, अमन चैन, आपसी भाईचारे की मजबूती, और सांप्रदायिक सद्भावना की प्रार्थना की। इस अवसर पर मनोज वर्मा, कविता वर्मा, प्रदीप वर्मा, अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बेसहारा पशुओं की दुर्दशा रोकने को सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। हिन्दू रक्षा वाहिनी के कार्यकर्ताओ ने बेसहारा पशुओ के दुर्दशा को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष तथा पुलिस चौकी को ज्ञापन सोंपकर उनकी सुरक्षा करने की मांग की। हिंदू रक्षा वाहिनी द्वारा मिशन रिफ्लेक्टिव बेल्ट के रूप में एक अभियान छेड़ा गया है। जिसमें नगर में बेसहारा पशु घूमते



मिल रहे थे उन्हें रिफ्लेक्टिव बेल्ट पहनाया गया है। जिससे कि आवारा पशुओं तथा उनके कारण के कारण लोगों को जानमाल का जो नुकसान हो रहा था जिससे अब काफी हद तक सुधार आएगा । सड़क में दुर्घटना होने की संभावना कम होगी। अब पशुओ और वाहन चालको को परेशानी नही होगी। इस मुहिम को सफल करने में हिन्दू रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी और नगर के युवाओं ने भी हिस्सा लिया। नगर पंचायत सभासद गोविंद पोखरिया इस मिशन के सफल संचालन के लिए विशेष सहयोग किया। इस मौके पर अध्यक्ष रवि सरकार, उपाध्यक्ष प्रभुशंकर बनर्जी, जयंत सरकार, महामंत्री दीपक हालदार, कोषाध्यक्ष महानंद सरकार, वरिष्ठ मंत्री समीर साना, अभिषेक प्रमाणिक, मंत्री पवित्र सरकार, सरजीत सरकार, सुजीत सरकार, मीडिया प्रभारी विकास हालदार, वरिष्ठ सदस्य दिनेश घोस, सपन पल्ले, सदस्य शंकर ढाली, दीपक विश्वास, नंद कुमार मिस्री, विजय शंकर बनर्जी, विशाल ढाली, कमलेश मिस्त्री करन हालदार आदि मौजूद थे।

# वन को चले अवध के राम,भावुक हुए लोग

रामनगर(उद संवाददाता)। आदर्श रामलीला समिति भवानी गंज के तत्वावधान में बीती रात भगवान श्रीराम के वनवास का मंचन हुआ। इसके अलावा सुमंत विलाप और श्री राम रामलीला में छठे दिन श्री राम कौशल्या भवन को प्रस्थान, श्री राम वन गमन, सुमंत विलाप और श्रीराम निषाद मिलन का मंचन हुआ। भगवान श्री राम को वनवास में जाने से रोकने के लिए सुमन भूमिका में किशोर चन्द्रा और सुमंत की भूमिका में नमित अग्रवाल ने अपनी अभिनय प्रतिभा से रामलीला देखने आये दर्शकों की तालियाँ बटोरी। दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय कौशल को भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित रामलीला हम सबको अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ कर रखती है। इसके अलावा रामलीला हमको भगवान श्री राम की तरह आदर्श बनने की भी प्रेरणा देती





निषाद मिलाप के मंचन को देख दर्शक भाव विभोर हो गए। भवानीगंज की यह रामलीला अपनी पचासवीं वर्षगांठ पर 90 के दशक में राम लक्ष्मण और सीता सहित कई किरदारों में अभिनय करने वाले कलाकारों से इस वर्ष पुन:उन्ही किरदारों में मंचन करा रही है। आदर्श रामलीला समिति द्वारा आयोजित इस विलाप के मंचन को दर्शकों ने काफी सराहा हैं। श्री राम की भूमिका में प्रदीप पुठिया, लक्ष्मण की भूमिका में कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू, सीता की भूमिका में इंदर लाल ( डिप्टी रेंजर), कैकई की भूमिका में मनोज कुमार, कौशल्या की भूमिका में प्रकाश चंद्र, सुमित्रा की भूमिका में पारस, निषाद राज की काफी सराहा है। इससे पूर्व रामलीला मंचन का मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे समाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा ने शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि नरेंद्र शर्मा ने भवानी गंज की रामलीला की गोल्डन जुबली पर रामलीला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि है। श्री शर्मा ने कहा कि राम लीलाओं के मंचन में दर्शकों की कमी नहीं रहनी चाहिए, ज्यादा से ज्यादा लोगों को रामलीला मंचन को देखना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र शर्मा के साथ भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नगर अध्यक्ष आशीष वर्मा, कांग्रेस के सुमित शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो. के बेलवाल पुन:जिलाध्यक्ष बने

## वार्षिक अधिवेशन में विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला इकाई के वार्षिक अधिवेशन के दौरान हुए कार्यकारिणी के चुनाव में एक बार पुन: बीएन बेलवाल एक तरफा मतदान में जिलाध्यक्ष पर पर निर्वाचित घोषित किए गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रदीप सिंह बिष्ट को बीस मतों से पराजित किया। जबकि मंत्री पद पर केसी विश्वकर्मा ने एमएन गोस्वामी को 16 मतों से हराकर जीत हासिल की। वहीं अनूप सिंह रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती चम्पा गोस्वामी उपाध्यक्ष, किशोर चंद्र विश्वकर्मा मंत्री, केएन गोस्वामी संगठन मंत्री, सुरेश वर्मा संयुक्त मंत्री, एसपीएस रावत कोषाध्यक्ष तथा मनोहर लाल सम्प्रेक्षक चुने गए। सभी नव निर्वाचित जिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण का स्वागत किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सीएमओ डा. मनोज शर्मा, अति विशिष्ठ अतिथि मेडिकल कालेज प्राचार्य डा. केदार शाही, पीएमएस डा.आरके सिन्हा व डिप्लोमा फार्मा.एसो. के प्रांतीय महामंत्री आरएस ऐरी, प्रांतीय संगठन मंत्री जगदीश पाठक, प्रांतीय कोषाध्यक्ष केआर आर्या, कुमाऊं मंडलीय अध्यक्ष आरएस अधिकारी, मंडलीय सचिव डीके जोशी व मंडलीय कोषाध्यक्ष विनोद भट्ट ने एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल आदि के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष श्री बेलवाल ने मुख्य अतिथि डा. शर्मा को फार्मासिस्टों की विभिन्न मांगों से अवगत कराते हुए अपने स्तर से इनका समाधान कराने का आग्रह करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें 20 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। अधिवेशन को अतिथियों सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। नव गठित जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल आगामी दो वर्ष तक रहेगा। अधिवेशन में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं साथी फार्मासिस्टों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें जिलाध्यक्ष पद पर पुन: जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वह निष्ठा के साथ संगठन के हित में निर्वहन करेंगे। सभी को एकजुट करते हुए सभी से विचार विमर्श कर कार्य करेंगे। उन्होंने सभी फार्मासिस्ट से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। अधिवेशन में अनेक क्षेत्रों से आएफार्मासिस्ट ने प्रतिभाग किया








बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221, 09779777117

# पुलिस ने पांच वारंटी को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्य वाही करते हुए पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलभट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले काफी समय से न्यायालय में भिभिन्न धाराओं मै उपस्थित ना होने के चलते न्यायलय द्वारा वारंट जारी किए थे ।जिनमे तहसील खान पुत्र रईस खान,अनीश पुत्र फैजल रहमान निवासी शहदोरा, शाहिद उर्फ छोटू पुत्र वाहिद खान, हीरा सिंह पुत्र लाल सिंह नवासी जीरो बांदा थाना पल भट्ट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उप निरीक्षक पंकज कुमार हेड कांस्टेबल रविकान्त शुक्ला,कांस्टेबल गजेंद्र शामिल थे।



आवश्यकता है
रूद्रपुर नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में किचन हेतु एक अनुभवी कारीगर (इंडियन/ चाईनीज)की आवश्यकता है।
जिसे दो से तीन वर्ष का अनुभव हो।
-: सम्पर्क करें:-
9012586701
8393920958

# दुग्ध प्लांट में गैस के रिसाव से अफरा तफरी

## कई कर्मचारियों की हालत बिगड़ी, प्लांट किया बंद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं स्थित नैनीताल दुग्ध उदपादक संघ के प्लांट में आज प्रात: अचानक अमोनिया गैस के रिसाव हो जाने से प्लांट में कार्य कर रहे कर्मचारियों में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। कर्मचारी खुद को गैस के प्रभाव से बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों को भागने लगे। इस दौरान गैस के रिसाव के चलते वहां काम कर रहे कई कर्मचारी प्रभावित हो गए। हालत तेजी से बिगड़ने पर प्लांट के अधिकारियों के पसीने छूटने लगे। इसके बाद आनन फानन में इलाज के लिए दो कर्मचारियों को सोबन सिंह जीना बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि घटना के दौरान कुल 8 कर्मचारी गैस रिसाव होने से प्रभावित हुए है। जिनका उपचार किया जा रहा है। फिलहाल सभी की स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। वहीं गैस रिसाव से पीड़ित कुछ कर्मचारी हल्द्वानी के निजी अस्पताल में भर्ती हैं जहां सभी की स्थिति ठीक है। फिलहाल प्लांट को बंद कर दिया गया है। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि गैस का किस कारणों से रिसाव हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने खुद बेस हॉस्पिटल जाकर घायलों का हाल-चाल जानकर घटना के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। डॉक्टर को घायलों का बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। बेस हॉस्पिटल की सीएमएस सविता ह्यांकी ने कहा घायलों का इलाज चल रहा है सभी पूरी तरह से ठीक है स्थिति नियंत्रण में है कुछ लोगों को छुट्टी दे दी गई है। एसडीएम ने कहा पूरे मामले की जांच की जाएगी।



# दुर्गा पूजा कमेटी का शिष्ट मंडल मेयर रामपाल से मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प वार्ड नं 2 की दुर्गा पूजा कॉमेटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में कमेटी सभी पदाधिकारीयो का शिष्ट मंडल मेयर रामपाल से मिला। शिष्ट मंडल ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर उनसे ट्रांजिट कैंप की मुख्य सड़क निर्माण एवं नेताजी सुभाष पार्क की चाहर दिवारी के पुताई और बाल पेंटिंग कराने की मांग की। इस अवसर पर श्री अधिकारी ने मेयर रामपाल को कहा कि ट्रांजिट



कैंप में सड़कों की हालत बहुत ही जर्जर अवस्था में है। दुर्गा पूजा बंगाली समाज की सबसे बड़ी पूजा है। जो कि आगामी 20 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। उससे पूर्व ट्रांजिट कैंप की तीनों ओर की सड़कों को बना दिया जाए ताकि पूजा करने आने वाले लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष पार्क की चाहर दिवारी को चारों ओर बाल पेंटिंग से सजाया जाए ताकि सुंदरता बढ़ जाए। इस अवसर पर रोहित हालदार, रोहित अधिकारी, सुभम दास, अर्जुन विश्वास, मानस बैरागी , अभिजीत दास, प्रदीप शाह, पिंटू गांगुली, शंकर विश्वास आदि मौजूद थे।

# विद्युत चोरी के मामले में महिला के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की तहरीर के आधार पर एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी महक मिश्रा ने बताया कि मोहल्ला महेशपुरा निवासी कमला देवी पत्नी पूरन सिंह नामक महिला पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी कर रही है। पुलिस में तहरीर के आधार पर उक्त महिला के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है।

# जान से मारने की धमकी के मामले में दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर। जान से मारने की धमकी देने की एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दबंग के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंदन कॉलोनी मानपुर रोड उजाला हॉस्पिटल के समीप निवासी पप्पू लाल ने बताया कि काली मंदिर के पीछे मोहल्ला पक्काकोट निवासी अमित ठाकुर नामक एक बदमाश टाइप युवक उसके बेटे के पीछे पिछले लंबे समय से पड़ा हुआ है। कुछ समय पूर्व आरोपी अमित ने हत्या की नीयत से उसके पुत्र को चाकू लेकर दौड़ाया था। पूर्व में आरोपी शिकायतकर्ता के पुत्र से मारपीट भी कर चुका है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बीते 23 सितंबर को जब गणेश पूजा में उसका पुत्र शामिल था इस दौरान था वहां धमके दबंग ने एक बार फिर बुरी नीयत से उसे घूरना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोपी अमित ठाकुर से पुत्र के जानमाल का खतरा बताया है।

# सीनियर स्टेट बास्केटबॉल के लिए जिले की टीम चयनित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सीनियर स्टेट बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिले की महिला और पुरुष बास्केट बॉल टीम का चयन हो गया है। जानकारी देते हुए जिला बास्केट बॉल संघ के सचिव के रमेश चन्द्र लोहनी ने बताया कि रविवार को बास्केटबाल एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर मे जिला स्तरीय ट्रायल प्रकिया संपन्न हुई। जिसमें 55 पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यू एस नगर की पुरुष वर्ग की टीम में हरीश,संदीप, विनायक, विक्की, सार्थक, तरुण, राहुल, मोहित, अभिनव, दिव्यांश,अखिल, योगेश, शिवम, दीपांशु, अजय का चयन किया गया। महिला वर्ग में दीपा, चौतांशी, जसकीरत, आसीन, ईशा रावत, पवित्रा, शिवानी, जिया, कृतिका, पूजा, दीक्षा, प्रीति पांडे, शोभा, हिमानी का चयन हुआ। इससे पहले चयन ट्रायल में मुख्य अतिथि उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मुखर्जी निर्माण, उत्तराखण्ड बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। चयीत टीम 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनोज सरकार स्टेडियम में होने वाली सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करेंगी। चयन के दौरान राजेश कुमार, कोच विनोद तिवारी, बास्केटबॉल कोच सुधा जोशी, मोहित सिंह उपस्थित रहे।



KOTIA ENTERPRISES
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
कच्ची घानी
ट्रस्ट सरसों तेल
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com

# ग्रामीण महोत्सव में बच्चों ने चित्रकला में दिखाया हुनर

[illegible]





# सेवा पखवाड़े के तहत निःशुल्क शिविर आयोजित

[illegible]

# [illegible] को किया सम्मानित

[illegible]







[illegible]

GURU MAA ENTERPRISES
AC चाहिए ?
आओगे जल्दी,
उठाओगे जल्दी...
BAJAJ FINSERV 0%
UP TO 50% OFF
Guru Maa Enterprises

# लिटिल किंग्डम के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंग्डम प्रीपेट्री स्कूल का 22 वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक हरिन्दर पुरी, प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी, गुनीत पुरी कबीर पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षाविद् संदीप नैथानी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा नैथानी व उनकी पुत्रियाँ हर्षिता व वरन्या का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप नैथानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम किच्छा कौस्तुभ मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी शालिनी मिश्रा अभिभावक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार कक्षा चतुर्थ व पंचम के बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र से हुई। इसके बाद कक्षा तृतीय के बच्चों द्वारा गणेश वंदना की गई। कक्षा प्रेप के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा तृतीय,





चतुर्थ व पंचम के बच्चों ने अंग्रेजी नाटक माउस वैडिग प्रस्तुत कर अपना हुनर दिखाया। तत्पश्चात कक्षा द्वितीय द्वारा कश्मीरी डांस कक्षा प्ले ग्रुप द्वारा लंदन ठुमकदा, कक्षा नर्सरी बम बम बोले , रेट्रो सॉन्ग, ऑल इज वेल कक्षा प्री नर्सरी द्वारा गल्ला गोरिया, राधा तेरी चुनरी, यतम्मा, मेरा वाला डांस प्रस्तुत किया गया। कक्षा प्रथम के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने सेव वाटर थीम व गुजराती प्रस्तुति देकर उपस्थित जनता का मन मोह लिया। कक्षा द्वितीय ने नाचो नाचो कक्षा तृतीय ने लावणी, चतुर्थ व पंचम ने राजस्थानी व भांगड़ा जैसी सुंदर प्रस्तुतियाँ दी । विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चों ने जल संरक्षण व चंद्रयान -3 पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा द्वितीय , तृतीय , चतुर्थ व पंचम के नन्हे मुन्ने बच्चों ने ऐतिहासिक लघु नाटक झांसी की रानी प्रस्तुत कर उपस्थित जनता को भावविभोर कर दिया। अंत में कक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय,चतुर्थ व पंचम के बच्चों ने देशभक्ति गीत के द्वारा भारत की अद्‌भुत छटा प्रस्तुत की जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक खड़े होकर तालिया बजाने लगे। इस अवसर पर कक्षा पंचम की इशिता राय को बैस्ट स्टूडेंट ऑफ दी ईयर, रिनेश सरकार कक्षा पंचम, दीपक कुमार राजपूत कक्षा चतुर्थ, समायरा खान कक्षा तृतीय, आव्या रौतेला कक्षा द्वितीय तथा शिवन्या अरोरा कक्षा प्रथम को हाईली कमेंडेबल परफॉर्मेंस। इन एकेडमिक एंव नैंसी सिंह कक्षा पंचम को अनुशासित विद्यार्थी व यशिता वर्मा कक्षा चतुर्थ को प्रोग्रेस इन एकेडमिक के पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नैथानी ने बच्चों द्वारा दी गई सुंदर प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही साथ विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव में की गई सजावट की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी के कठिन परिश्रम व बेहतर शिक्षा नीति की प्रशंसा की व लिटिल किंग्डम स्कूल को शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय बताया। विद्यालय ने इस वर्ष 2023 में सफलतापूर्वक 22 साल पूरे किए। इस विद्यालय ने अपनी अलग पहचान बनाए रखते हुए विद्यार्थियों को न केवल स्वस्थ , सुंदर व प्रदूषण रहित वातावरण दिया अपितु साथ ही साथ बच्चों की हर दिन की व्यक्तिगत समस्याओं को प्रेम व सहानुभूति पूर्वक समझाया जिससे विद्यालय उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हुआ है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी ने मुख्य अतिथि श्री नैथानी को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए उनके व उनके परिवार द्वारा कार्यक्रम को दिए गए बहुमूल्य समय के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों को भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।








# मां भगवती की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

## अनाज मण्डी के शुभारम्भ पर आयोजित हुई मां भगवती की चौकी

गदरपुर (उद सवांददाता)। नवीन अनाज मंडी के शुभारंभ पर आढ़ती एसोसिएशन द्वारा मां भगवती की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। आढ़ती एसोशियेशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा मां की ज्योत को प्रज्वलित किया गया ।नई अनाज मंडी में आयोजित आयोजित मां भगवती की विशाल चौकी का कार्यक्रम में श्री जय भवानी जागरण मंडल के भजन गायकों द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों को गाकर चौकी में आए श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। प्रवीण गलहोत्रा द्वारा गए गए भजन कृपा बरसाए रखना ओ राधा रानी कृपा बरसाए रखना को सुनकर को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। भगतों ने आकर मां भगवती के सुंदर एवं मधुर भजनों को सुना एवं मां भगवती की आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। रविवार को भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आढ़ती एसो सिएशन के अध्यक्ष





सतीश घीक,महामंत्री राजेश बजाज,कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी, ओम प्रकाश घीक, विनोद भुसरी,वेद बजाज, राजू भुड्डी, सुशील घीक,गुंजन सुखीजा ,सुरेश खुराना,कपिल गंडा,टीकम खेड़ा,सुभाष खुराना, सतीश खुगघर,कृष्ण अनेजा,बंटी पोपली,राजेश आहूजा, आलोक सरना,अनिल गगनेजा ,अनिल भूसरी,अशोक हुडिया,अशोक भुड्डी,दीदार सिंह,मुकेश पाल,हरेंद्र बेहङ,हरीश एशपुजानी,अजय खेड़ा, हरबंस लाल डंग,जगदीश भुड्डी, विजय सुखीजा,राजेश डाबर, आशु बजाज,मनोज बजाज, दीपक बेहङ, परमिंदर सिंह,अशोक पोपली ,दीपक सुधा,कृष्ण सुधा,सतीश मुंजाल, मुकेश झाम,मनोज गांधी,वरदान खुग्घर,चिराग घीक,राजेश घीक,अमित, मिट्ठू बजाज, ओम प्रकाश ग्रोवर, अशोक धीर, सुभाष खुराना, गौरव बत्रा राकेश अरोड़ा, अनिल घीक,गौरव घीक,गौरव मदान,प्रवीण गिलहोत्रा,अमित बठला, राजेश अग्रवाल एवं समस्त आढ़ती एसोसि एशन परिवार के सदस्य रहे।

# आंदोलित युवा किसान मिले सीएम धामी से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रेरा एवं विकास प्राधिकरण के खिलाफ पिछले कई दिनों से तिकोनिया चौराहे स्थित बुध पार्क में धरना दे रहे युवा किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियो ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात की। उनके साथ मुख्य रूप से कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर जोगेन्द्र रौतेला, राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी, पूर्व ग्राम प्रधान बलजीत सिंह, अर्जुन बिष्ट, परीक्षित




मिश्रा समेत कई लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने इस पूरे महत्वपूर्ण विषय पर एक कमेटी गठित की है जो कि अपनी रिपोर्ट 6 महीने के अंदर भेजेगा। जिसमें युवा किसान संघर्ष समिति के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। पूर्व में प्राधिकरण के नियमों को लेकर जो भी कार्रवाई की गई है, उसको समाप्त करने की भी निर्देश दिए गए हैं। पूर्व की भांति अब किसान अपनी जमीनों की रजिस्ट्री करवा सकेंगे।

# मीडिया क्लब के सदस्यों का किया स्वागत

गदरपुर( उद संवाददाता)। भारतीय किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया के प्रतिष्ठान पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा नवनियुक्त संगठन मीडिया क्लब के पदाधिकारी एवं मीडिया कर्मियों का माल्यार्पण कर बड़ी ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया इस दौरान हुड़िया ने पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा की पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है जो की समाज के अंदर होने वाली बुराइयों को अपनी कलम के माध्यम से उजागर करता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार बंधु दिन हो या रात सदैव निष्पक्षता से जनहित से जुड़े तमाम मुद्दों को उजागर कर समाज हित में अपना मूल्य योगदान निभाने के लिए सदैव तत्पर रहता है। आपको बताते चले कि गदरपुर में पत्रकारों



द्वारा मीडिया क्लब के नाम से एक नया संगठन खड़ा किया गया है। जिसके लिए नरेश हुड़िया ने मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल ,महामंत्री राकेश अरोरा एवं कोषाध्यक्ष शहनूर अली समेत समस्त मीडिया कर्मियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष जसवीर सिंह चीमा,राजीव हुड़िया, हिमांशु हुड़िया,विजय गाबा,राजीव बटला, मन्नू,सुमित कंबोज,मनोज चौहान, विप्पिन कुमार,चिमनलाल हुड़िया आदि मौजूदथे।

# भाजपा किसान मोर्चा ने आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नैनीताल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रैन बसेरा नई बस्ती राजपुरा में किया गया। शिविर में वरिष्ठ सरकारी डॉक्टर द्वारा नि:शुल्क जांच और दवा वितरण किया गया। शिविर का उद्‌घघाटन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुबानंद जोशी, जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल, किसान मोर्चे के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 250 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई ली। शिविर में डां. गौरव आर्य, डॉ. रिजवान, डां. भानू



पागती, प्रदीप बिष्ट,कार्यक्रम संयोजक और जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, रविन्द्र बाली, विरेंद्र जायसवाल, दिनेश सागर, हितेश शर्मा, बॉबी आर्य, प्रेम सिंह, अरविंद कुमार,सूरज श्रीवास्तव, नंदकिशोर आर्य, भुवन भ्र, ध्रुव कश्यप, मदन रावत, भुवन जोशी, अजय राज, बुद्ध सेन, कन्हैया जयस वाल, विशु शर्मा,कनिष्कढींगरा,दीप्ति चुफाल , प्रेमलता पाठक, कमलेश जोशी, योगिता बनोला, पवन साहू, राजेश साहू, मनीष पाल आदि उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सांसद की बदजुबानी

संसद के नए भवन में, ऐतिहासिक विधेयक पारित करने के बाद, एक सांसद ने लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली पर धब्बे छाप दिए। संसद पर ही सांप्रदायिक कलंक चस्पा कर दिया गया। भाषा और संवाद की मर्यादा को तार–तार किया है। राजनीति की विविधता को नष्ट किया है। लोकसभा के भीतर अपने पूर्वाग्रह और भद्दे अपशब्दों का इस्तेमाल कर साबित किया है कि एक सांसद, सदन के भीतर ही, साथी सांसद के प्रति कितना असहिष्णु हो सकता है और उसकी जुबान किस हद तक बेलगाम हो सकती है! दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रमेश बिधुड़ी ने अमरोहा (उप्र) के बसपा सांसद दानिश अली के लिए जिन अपशब्दों का प्रयोग किया है, वह व्यवहार पूरी तरह अक्षम्य है, क्योंकि समूची संसदीय प्रणाली और संसद को परोक्ष गाली दी गई है। भाजपा सांसद को सदन में ही, ऐसे अपशब्दों के लिए, स्पीकर को तुरंत रोकना चाहिए था। उन्हें बोलने के लिए रोका जा सकता था। रिकॉर्ड से ऐसे शब्दों को हटाना ही पर्याप्त नहीं है। बहरहाल आसन पर अध्यक्ष के बजाय पीठासीन अधिकारी मौजूद थे, तो उनके पास भी स्पीकर वाले संसदीय और संवैधानिक अधिकार थे। अलबत्ता भाजपा सांसद को स्पीकर की चेतावनी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 'कारण बताओ' नोटिस जारी करना और स्पष्टीकरण के लिए 15 दिन की अवधि देना कार्रवाई के नाम पर लीपापोती है। इससे गलत और कुरूप परंपराओं को प्रश्रय मिलता है। संविधान के अनुच्छेद 105 (2) के मुताबिक, संसद में कही गई बात को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस निरंकुशता में भी संशोधन किया जाना चाहिए। शायद स्पीकर इस मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजें, लेकिन ऐसे गालीबाज सांसद को तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए था। जब कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी और विपक्ष के अन्य सांसदों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई, तो तुरंत फैसला लिया गया। क्या रमेश बिधुड़ी को सत्ता पक्ष का सांसद होने के नाते ढील दी गई है और मुद्दे को शांत और ठंडा होने दिया जा रहा है? किसी गली–मुहल्ले, सडक या चुनावी जनसभा के दौरान गालियां नहीं दी गई हैं। यह आचरण लोकतंत्र के सर्वोच्च, पावन मंदिर लोकसभा में किया गया है, लिहाजा सांसद ने संसद को भी अपमानित किया है। एक सांसद लाखों मतदाताओं का प्रतिनिधि होता है, लिहाजा उन अनाम, लाखों चेहरों को भी गाली दी गई है। हमारे सुधी पाठक क्षमा करेंगे कि हम कुछ अपशब्दों को आपके सामने रख रहे हैं। कुछ बड़े, राष्ट्रीय अखबारों और सोशल मीडिया पर ये शब्द छपे हैं। भाजपा सांसद ने लोकसभा में बोलते हुए बसपा सांसद के लिए 'भड़वा', 'कटवा', 'मुल्ला उग्रवादी' और 'आतंकवादी' आदि अपशब्दों का इस्तेमाल किया। क्या लोकसभा की शालीन, भद्र और संसदीय भाषा का व्यवहार यही है? इन अपशब्दों के प्रयोजन और संदर्भ क्या थे? क्या भाजपा सांसद के संस्कार यही हैं और वे परिवेशजन्य कुंठाओं से ग्रस्त हैं? कारण कुछ भी हो, संसद के भीतर ये गालियां स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री मोदी के लिए कांग्रेस नेताओं ने अनेक गालियों का इस्तेमाल किया है और वे अपशब्द इनसे भी ज्यादा अभद्र और अश्लील रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। इधर भाजपा सांसद ने बसपा सांसद को गालियां दीं, उधर हरियाणा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने अकारण ही प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के लिए घोर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। क्या राजनीति इसी आधार पर की जा सकती है? दरअसल हमारी राजनीति में हिंदू–मुसलमान करने की नेताओं की आदत पड़ गई है। इस हम्माम में कुछ केंद्रीय मंत्री भी डूबे हैं।

# सम्मेलन में मजदूरों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संघर्षरत मजदूरों के आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमिताभ भट्टाचार्य, महासचिव, एसडब्लूसीसी ने कहा कि पूरे देश में मजदूरों के बीच विभिन्न चुनौतियां नजर आती है। सवाल यह है कि मजदूरों के प्रति सरकार की नियत क्या है? मजदूरों को आउटसोर्स कर उनके संख्या बल को कमजोर किया गया। मजदूरों का श्रेणी विभाजन और सामाजिक विभाजन तेज हुआ है। इसलिए इस वर्ग विभाजन के खिलाफ मजदूरों को एक वर्ग के रूप में संगठित होकर अपनी व्यवस्था को लाने का प्रयास करना होगा। प्रोफेसर बीके सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन के बाद वर्तमान दौर में मीडिया पूंजीपतियों और सरकार के पास दमन का एक नया हथियार है, जो लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, जो उनके नजरिये को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है और लोगों के बीच में विभाजन पैदा कर रहा है। आईएमके के सुरेंद्र ने कहा कि 1990 के बाद मजदूरों को मिला संरक्षण छीन लिया गया। ऐक्टू से केके बोरा ने कहा कि 70 सालों में मजदूरों के संघर्ष से कई नए संगठन बने और चुनौतियों भी बढ़ी। मौजूदा दौर में सांप्रदायिक ताकतों ने जिस तरीके से समाज में फूट और विभाजन डाला है और समाज में इसे स्थापित करने का प्रयास किया है वो एक सवाल के रूप में हमारे सामने है। होमेन्द्र मिश्र ने कहा कि एक वर्ग के रूप में मजदूरों की कोई जाति या धर्म नही है। संगठन के आधार पर बदलाव लाना संभव है मगर सिर्फ सरकार और अदालत के भरोसे बैठने से कुछ हासिल नहीं होगा। मजदूर सहायता समिति के अजहर ने कहा कि आज के दौर में मीडिया की जैसी नकारात्मक और जन विरोधी स्थिति है ऐसे में मेहनतकश पत्रिका का संचालन और प्रकाशन महत्वपूर्ण है। मगर वैचारिक और सांगठनिक मतभेद के नाम पर भटकाव क्रांतिकारी खेमे के लिए खतरनाक है। दार्जलिंग से आए चाय बगान संग्राम समिति के चेवांग ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों के मजदूरों की स्थिति समान है। कलिंग पो और तराई क्षेत्र को लेकर दार्जलिंग में 250 से ज्यादा चाय बगान में सामान्यत 350 से ज्यादातर मजदूर कार्यरत है मगर ज्यादातर लोग कम मजदूरी की वजह से पलायन कर चुके हैं । मजदूर सहयोग केंद्र से धीरज ने कहा कि मजदूरों के लिए अपनी सामूहिक समस्याओं को चिन्हित करना और सही दिशा में आगे बढ़ना महत्वपूर्ण कार्यभार है। यह सम्मेलन इस दिशा में मददगार साबित होगा। मुकुल ने सबका धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विभिन्न चुनौतियाँ की चर्चा की। । सेमिनार में करोलिया लाइटिंग इम्पलाइज यूनियन, डेल्टा इम्पलाइज यूनियन, रॉकेट रिद्धि सिद्धि यूनियन कर्मचारी संघ, बडवे मजदूर यूनियन, एलजीबी मजदूर संघ, भगवती इम्पलाइज यूनियन, महिंद्रा सीआईई श्रमिक संगठन, महिंद्रा कर्मकार यूनियन, बजाज मोटर्स श्रमिक संघ, पीडीपीएल मजदूर यूनियन, हेंकेल श्रमिक संघ, नेस्ले कर्मचारी संगठन, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा यूनियन, वीरपाल सिंह, एएलपी निशिकावा यूनियन, एडिएंट मजदूर यूनियन, इंटरार्क मजदूर संगठन, पारले मजदूर संघ, मंत्री मेटल्स यूनियन आदि संगठनों की उपस्थिति रही।

# भाजपा की जिला स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भाजपा जिला नैनीताल सोशल मीडिया की कार्यशाला कुमाऊँ संभाग कार्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नवीन ठाकुर मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्ष जिला संयोजक सोशल मीडिया संजय पाण्डे ने कहा कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्टिव रहकर इसको एक शस्त्र के रूप में इस्तेमाल कर पार्टी की सभी योजनाओं एवं कार्यो को आगे बढ़ाना है। सभी मण्डल के पदाधिकारी, विधानसभा के पदाधिकारी, जिला टीम, लोकसभा समिति के सदस्य मोर्चे के पदाधिकारी का रहना हुआ। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यायाला प्रभारी कौस्तुभानन्द जोशी, प्रदेश सह–संयोजक गंधार अग्रवाल, सदस्य प्रदेश सोशल मीडिया जितेन्द्र मेहता, जिला महामन्त्री रंजन बर्गली, लोकसभा सोशल मीडिया संयोजक देवेन्द्र बिष्ट, प्रदेश सह संयोजक प्रशान्त वर्मा, जिला संयोजक आई.टी अमित चौधरी, जिला सह–संयोजक श्रीमती श्रुति तिवारी, विधानसभा संयोजक ऋषि जोशी ,गोविन्द बरती, संजय भट्ट, अनिल चन्दोला, राजेश भारद्वाज, श्रीमती कामायनी मिश्रा, श्रीमती दीप्ती चुफाल, श्रीमती गरिमा जोशी आदि मोजूद रहे।

# शोभा यात्रा के साथ किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन



रूद्रपुर (उद संवाददाता) गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रम्पुरा स्थित शिव मंदिर चौरासी घंटा में श्री गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजक नव चेतना क्लब के अध्यक्ष कांति कोली के नेतृत्व में महोत्सव के अंतिम दिन श्री गणेश जी की प्रतिमा का रानीबाग में गौला नदी में पूजा अर्चना करते हुए विसर्जन किया गया। इससे पूर्व आयोजन स्थल शिव मंदिर चौरासी घंटा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बैंड बाजों की धुन में अबीर गुलाल उड़ाकर शोभा के रूप में गणेश जी की प्रतिमा का क्षेत्र में भ्रमण कराया। शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से गुजरती हुई इंद्रा चौक पहुंची। जहां से श्रद्धालु वाहनों में सवार होकर रानीबाग पहुंचे। जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। अध्यक्ष कांति कोली ने महोत्सव के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित समस्त क्षेत्र वासियों तथा सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नव चेतना क्लब के अध्यक्ष कांति कोली सहित दीपक कुमार, बिट्टू कोली, अंकित वर्मा, रोहित कोली, सुमित कोली, अरूण कोली, अजय कोली, किशन कोली, गोलू कोली, शाका कोली, दीपक कोली, संदीप कोली, नीरज कोली, शिवा कोली, राजेश कोली, धर्मवीर कोली, ममता कोली,भूरी कोली,रिको कोली, सुनीता कोली, वीरवती कोली, पार्वती देवी, लक्ष्मी कोली, मनीषा कोली, प्रेमलता कोली, कोशल्या देवी, गंगादेवी, पूजा कोली, कलावती,पुष्पा कोली, अनीता कोली, शांती देवी, काजल कोली, आरती कोली, पायल कोली, रानी देवी कोली,अशिका कोली, निशा देवी, खुशबू कोली, गुजन कोली, मौरकली देवी, रुपाली, पूनम आदि लोग मौजूद थे।

# मृतक श्रमिक के परिजनों को पचास लाख मुआवजा देने की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने नेस्ले कंपनी में कार्यरत भतरोजखान,जनपद अल्मोड़ा के मूल निवासी और हाल निवासी जयनगर 35 वर्षीय खुशाल सिंह रावत की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है, उन्होंने कंपनी प्रबंधन से मृतक खुशाल सिंह रावत के परिजनों को 50 लाख रुपए और उनके परिजन में से किसी एक व्यक्ति को नौकरी दिए जाने की मांग की है । श्रीमती शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ माह से कंपनी के कर्मचारी मानसिक तनाव झेल रहे थे, जिसके परिणाम स्वरूप कंपनी में कार्यरत 35 वर्षीय खुशाल सिंह रावत की आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिसके लिए कंपनी प्रबंधन पूरी तरीके से जिम्मेदार है , श्रीमती शर्मा ने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए नेस्ले कंपनी प्रबंधन को पीड़ित परिवार की अधिक से अधिक मदद करनी चाहिए। इधर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय खुशाल सिंह रावत की पत्नी और उनके परिजनों से मुलाकात की,और उन्हें ढाढस बंधाया स इस अवसर पर श्री शर्मा के साथ इंद्र रौतेला, उमेद सिंह, पुष्कर सिंह, केवल कृष्ण, सीताराम,विपिन बिष्ट सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# पितृपक्ष ( श्राद्ध ) महालया या कनागत

भादो की पूर्णिमा के दूसरे दिन से प्रारम्भ हो जाता है। आश्विन अर्थात् क्वार मास का कृष्ण पक्ष आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से अमावस्या के दिन तक ये पन्द्रह दिन हमारे यहाँ पितृपक्ष अर्थात् श्राद्धों के दिन अथवा कनागत कहलाते है। इस पूरे पक्ष में कोई शुभ कार्य नही किया जाता है और न ही नए वस्त्र बनवाए अथवा पहने जाते है। अपने मृतक पूर्वजों को याद करने और उनकी मृत्यु की तिथि को उनका श्राद्ध करने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है।मृतक माता–पिता, बाबा–दादी और अन्य परिजनों के श्राद्ध उस तिथि को किए जाते है, जिस तिथि को मृतक का दाह–संस्कार हुआ था। वर्ष के किसी भी मास के किसी भी पक्ष मे मृत्यु हुई हो, श्राद्ध इन पन्द्रह दिनों मे ही उस तिथि को किया जाता है।मृतक हेतु ब्राह्मण को भोजन कराने के बाद उन्हें श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार वस्त्र तथा दक्षिणा दी जाती है तो महिला के लिए किसी ब्राह्मणी को भोजन कराकर साड़ी आदि वस्त्र दिया जाता है। प्राय: घर का मुखिया या सबसे बड़ा पुरूष ही करता है यह सभी कार्य। ब्रह्मपुराण में लिखा है कि आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में यमराज यमपुरी से पितरों को मुक्त कर देते है और वे अपनी संतानों तथा वंशजों से पिण्ड दान लेने के लिए भूलोक मे आ जाते है। सूर्य के कन्या राशि में आने पर वे यहॉं आते है और अमावस्या के दिन तक घर के द्वार पर ठहरते है। सूर्य के कन्या राशि में आने के कारण ही आश्विन मास के कृष्ण पक्ष का नाम कनागत अर्थात कन्या+गत पड़ गया है। जिन लोगों के माता–पिता स्वर्गवासी हो गए है उन्हें चाहिए कि वे इस पक्ष में प्रात:काल उठकर किसी नदी में स्नान करके तिल, अक्षत और कुश हाथ में लेकर सूर्य के सामने खड़े होकर वैदिक मंत्रों द्वारा पितरों की जलांजलि दें। यह कार्य पितृ–पक्ष में प्रतिदिन होना चाहिए। पितरों की मृत्यु–तिथि को श्राद्ध करके ब्राह्मणों को भोजन करा,वस्त्र और दक्षिणा देनी चाहिए। इस पक्ष में गया में श्राद्ध करने का विशेष महत्व है। श्राद्ध पक्ष अमावस्या को पूर्ण होता है। परन्तु श्राद्धकर्म एवं तान्त्रिक दृष्टिकोण से इस अमावस्या का बहुत अधिक महत्व है इस अमावस्या का। भूले–भटके पितरों की तृप्ति के लिए ब्राह्मण को इस दिन भोजन कराया जाता है। यदि किसी कारणवश किसी तिथि विशेष को श्राद्धकर्म नही हो पाता तब उन पितरों का श्राद्ध भी इस दिन किया जा सकता है। इस अमावस्या के दूसरे दिन से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो जाते है। यही कारण है कि मॉं दुर्गा के प्रचण्ड रूपों के आराधक और तन्त्र साधना की सिद्धि करने वाले साध कइस रात्रि में विशेष साधना भी करते है। यही कारण है कि आश्विन मास की इस अमावस्या को महालया और पितृ–विसर्जन अमावस्या भी कहा जाता है।

**–नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर**

# धूमधाम से मनाई भगवान श्री चंद्राचार्य की जयंती



हरिद्वार(उद संवाददाता)।हरिद्वार गुरु नानक जी के बेटे और श्री उदासीन संप्रदाय के संस्थापक भगवान श्री चंद्राचार्य की 529 जयंती श्री पंचायती उदासीन बड़ा अखाड़ा राजघाट कनखल में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर चंद्राचार्य चौक और उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा कनखल में भगवान श्री चंद्राचार्य के विग्रह में पूजन किया गया वैदिक मंत्र के साथ पूजन किया गया इस अवसर पर अखाड़ा के महामंडलेश्वर हरि चेतनानंद महाराज, महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज, महामंडलेश्वर संतोषानंद महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, महंत भक्त रामदास,महंत जयेंद्र मुनि महाराज,महंत प्रेमदास महाराज, कोठारी महंत गोविंद दास महाराज ,सतपाल ब्रह्मचारी महाराज, महंत रघुवीर दास सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति साधु संत प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर महंत जयेंद्र मुनि महाराज महाराज ने कहा कि भगवान श्री चंद्राचार्य ने अपने समय में समझ में फैली हुई कुरीतियां को समाप्त कर उदासीन संप्रदाय की स्थापना की महंत प्रेमदास महाराज ने कहा कहा कि भगवान श्री चंद्राचार्य के विचार हर युग में प्रासंगिक रहेंगे कोठारी महंत गोविंद दास महाराज ने कहा कि सामाजिक बुराइयों को दूर कर भगवान श्री चंद्राचार्य ने समाज सेवा की जो अलख जगाई उसे आज उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा के द्वारा जारी रखा गया है। कार्यक्रम में पूर्व दर्जाधारी मंत्री संजय पालीवाल ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ,मेयर अनीता शर्मा ,पूर्व मेयर मनोज गर्ग, पार्षद अनिरुद्ध भाटी, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार,40 सी वाहिनी पीएसी के डिप्टी कमांडेंट सुजीत पवार,कोतवाली हरिद्वार की कोतवाल इंस्पेक्टर भावना केंथौला उपस्थित थे।

# जयंती पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय को किया नमन

रूद्रपुर/किच्छा/सितारगंज (उद संवाददाता)। गांधी पार्क स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ,मेयर रामपाल सिंह समेत तमाम भाजपाईयों ने माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने अंत्तोदय के नारे के साथ जनसंख्या की थी जो बात में भारतीय जनता पार्टी बनी अंत्तोदय का मतलब अंतिम छोर के व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने आम आदमी को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया और अब हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतोदय के नारे को साकार कर रहे हैं। जिनके पास आवास नहीं है उन्हें आवास देने का काम किया आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम किया शिक्षा देने का काम किया इंफ्रास्ट्रक्चर देने का काम किया हमारी सेवा को मजबूत करने का काम किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नकल विरोधी कानून लाकर बेरोजगारों को सम्मान दिया और 30% आरक्षण देकर महिलाओं को नौकरी पाने का अधिकार दिया।कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश सिंह, यशपाल घई, धीरेंद्र मिश्रा,शालिनी बोरा, रश्मि रस्तोगी, राजेश जग्गा, धर्म सिंह कोली, दिनेश गुप्ता, प्रीत ग्रोवर, विनय बतरा, मोहन तिवारी, सुनील, सुशील चौहान, प्रमोद शर्मा, नत्थूलाल गुप्ता, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। **किच्छा**–भारतीय जनता पार्टी भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दीनदयाल चौक पर स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया उसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया। यहां पर उपस्थित तमाम वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलते हुए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना चाहिए ।वक्ताओं ने कहा कि आज का हिंदुस्तान पंडित दीनदयाल के आदर्श का हिंदुस्तान है। वर्तमान में हिंदुस्तान दिनों दिन तरक्की कर रहा है। इस अवसर पर मंडी समिति के अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल ने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसी देश के कर्मठ नेताओं के आदर्शों पर चलकर विश्व गुरु बनेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से महेंद्र पाल, रज्जी कोली, धनीराम, नरेश पंत, अवतार सिंह मंड, मनमोहन सक्सेना, किशन गोयल, गोल्डी गोरिया, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। **सितारगंज**– नगर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाते हुये नगर पालिका पार्क में लगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसमें भाजपा जिलाअध्यक्ष कमल जिंदल ने कार्यकर्ताओं से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के पदचिन्हों पर चलने की अपील की। इस मौके पर मंडल प्रभारी गोपाल बोरा, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, राकेश त्यागी, कुलदीप गंगवार, सुरेश जैन,जी एस बेदी, विजय सलूजा, राजू नागदली, अमित रस्तोगी, ललीत सक्सेना, आंनद बल्लभ, दीपक गुप्ता, नितिन चौहान, अरविंद चौरसिया , नितिनअरोरा,नवीन भट्ट, सतेन्द्र दिवाकर, सौरभ सक्सेना, सतीश उपाध्याय, अनिरुद्ध राय अनिरुद्ध राय, अभिषेक जैन, नरेश ठाकुर, भोला जोशी, हर्षित पांडे, श्री पाल, तुषार शर्मा, सोनू सक्सेना, डॉक्टर रेखा ठाकुर, प्रेम वाती, परमजीत कौर, गीता गडकोटी सहित भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी सम्मिल हुए।







# भाजपा नेता अतुल पांडेय के जन्मदिन पर सुंदरकांड और भंडारा आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम संतोष नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे के कैंप कार्यालय एवं आवास पर उनके सुपुत्र युवा भाजपा नेता अतुल पांडे के जन्मदिन के अवसर पर अकाल संस्कृति ग्रुप द्वारा भव्य सुंदरकांड एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया अतुल पांडे की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए श्री बालाजी मंडल गदरपुर के महंत जितेंद्र दुबे द्वारा मनमोहन भजन संध्या का भी गुणगान हर्ष उल्लास के साथ किया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर अतुल पांडे को जन्मदिन की बधाई दी एवं सुंदरकांड व विशाल भंडारे का भरपूर आनंद उठाया मुख्य रूप से बधाई देने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा तिलकराज गंभीर चंदरखेड़ा गुलाम गौस पंकज सेठिया सतीश चौक भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना महामंत्री अभिषेक वर्मा महामंत्री अनिल जेटली सहित तमाम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों ने सुंदरकांड के पथ पर पहुंचकर अतुल पांडे की दीर्घायु की कामना की इसी क्रम में क्षेत्र के समर्थ राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने विधायक अरविंद पांडे द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अतुल पांडे को बधाई दी।






## प्रथम पृष्ठ का शेष

**उधम सिंह नगर में मातृ शक्ति.......**के रूप में किसी महिला का सामने न आ पाना, इस बात को बड़ी स्पष्टता से रेखांकित करता है कि संबंधित दल में मातृशक्ति को आगे आने का पर्याप्त मौका नहीं दिया गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति केवल भारतीय जनता पार्टी में ही नहीं है अपितु प्राया: सभी राजनीतिक दलों का हाल लगभग लगभग एक जैसे ही हैं। आमतौर पर सभी राजनीतिक दलों की कार्यकारिणी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व केवल नाममात्र बल्कि खानापूर्ति के लिए ही होता है। देखने में आया है कि महिलाएं राजनीतिक दलों की प्रादेशिक अथवा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ी मुश्किल से पहुंच पाती है। इतना ही नहीं उन्हें ब्लॉक अथवा जिला स्तर पर ही पार्टी संगठन में अध्यक्ष आदि के पद बमुश्किल ही दिए जाते हैं। आशय यह कि समाज की पुरुषवादी सोच आजादी के 75 सालों के बाद भी महिलाओं की प्रगति की के राह में रोड़ा बनकर लगातार सामने आ रही है। ऐसे में महिला आरक्षण ही एकमात्र ऐसा रास्ता है जो मातृशक्ति को उनका वाजिब राजनीतिक हक दिला सकता है ,लेकिन फिलहाल इसके व्यावहारिक अमल में अनेक तकनीकी अड़चने है। लिहाजा आगामी समय में यह देखना खासा दिलचस्प होगा कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटे कब तक आरक्षित हो पाती है और उधम सिंह नगर जिले को पहली महिला विधायक कब मिल पाती है ?

**उत्तरकाशी में फिर भूकंप....** भूकंप के बाद से अब तक जनपद में 70 से अधिक भूकंप के झटके आ चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की ओर से भूकंप के पुष्टि की गई। कुछ दिन पहले भी उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस हुए थे। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने भूकंप की दृष्टि से उत्तराखण्ड को संवेदशील बताया है।

**कालेज में जलभराव ...**है वही डेंगू जैसी महामारी के फैलने का अंदेशा बना हुआ है ।छात्रों ने बताया कि जल निकासी के लिए संबंधित अधिकारियों से बार-बार मांग की गई है किंतु अभी तक किसी भी विभाग द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। सभी छात्रों ने एक स्वर में कहा है कि सप्ताह के भीतर जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो संबंधित विभाग के सामने छात्रों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश राठौर, ज्ञानेश मिश्रा, किशन चौहान, नंदकिशोर राठौर,छात्र नेता महेंद्र प्रताप, जेड रहमान, विवेक सागर, अंकित, रोशनी, हर्षिता, रितिका, नीतू, प्रियंका, प्रीति, शिवानी, रितिका कपकोटी सहित दर्दनाक छात्र उपस्थित थे।

**व्यापारियों के साथ धरने.......** हटाये जाने के नोटिस बांटे गए है, ये सभी परिवार अपने व्यवसायों के दम पर ही अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है यदि इनको उजाड़ दिया जाता है तो किच्छा की बहुत बड़ी संख्या में परिवार बेरोजगार हो जायेंगे और भुखमरी के कगार पर आ जायेंगे। इस पूरे घटनाक्रम के कारण जिला प्रशासन के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल 24 सितंबर को इसके विरोध में किच्छा के व्यापारियों ने पूरा बाजार बंद रखा है तथा आगे भी वे बड़ा आन्दोलन को लम्बा चलाने का मन बना रहे है। अगर ये आन्दोलन लम्बा चलता है तो भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना बनी रहेगी। जिसके लिए पूर्णत: जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। उन्होंने बताया कि किच्छा विधानसभा के अंतर्गत् खुरपिया फार्म तथा प्राग फार्म में बहुत सी सरकारी भूमि खाली पड़ी है तथा सरकार द्वारा इन स्थानों पर उत्तराखण्ड के अन्य जगहों से उजाड़े गए लोगों को बसाया भी जा रहा है । इसी भूमि में किच्छा में उजाड़े गए परिवारजनों को भी जगह देकर इनको विस्थापित कर बसायें जाये।

**एसओजी व पुलिस ने........**में तीनों ने अपना नाम छीना फॉर्म ढकिया गुलाबो निवासी हरविंदर सिंह पुत्र कुलबीर सिंह, वार्ड नंबर 9 खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी सौरभ उर्फ रॉक उर्फ रॉक रॉकी पुत्र विनोद उर्फ बॉबी तथा तीसरे ने मोहल्ला गौतम नगर, वार्ड नंबर 6, गली नंबर एक, कलश मंडप निवासी जितेंद्र जाटव पुत्र नंदराम बताया। तीनों की कब्जे से पुलिस ने चुराई गई मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स संख्या यूके 18 के/0514 के अलावा आई कार्ड, पर्स, 1500 रुपए भी बरामद किए। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार बाइक चोरों को पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# श्रद्धालुओं की बस को किया रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गल्ला मंडी स्थित श्याम मंदिर से राजस्थान खाटू श्याम धाम मेहंदीपुर बालाजी धाम सालासर वृंदावन के लिए श्रद्धालुओं की बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु श्याम बाबा के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि श्री खाटू श्याम बाबा धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है ।



खाटू धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु खाटू जी के दर्शन के लिए जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, प्रेमपाल प्रजापति, दीपक प्रजापति, श्याम प्रजापति, राहुल सिंह, विक्की, उर्मिला, रिंकू, अनुज, रोहित, जीतू, प्रेम, गोविंद, सोनू, गोविंद, सत्येंद्र, किशन आकाश बाटला राज कोली ,बंटी कोली आदि लोग थे

# नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित




गूलरभोज(उद संवाददाता)। स्व.य कृपाल सिंह रघुवंशी की स्मृति में व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी के प्रतिष्ठान पर निशुल्क आंखों का कैंप लगाया गया। जिसका शुभारंभ समाजसेवी हरीश छाबड़ा एवं विनोद गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ जुबिना, डा. आशियाना,डॉ शाजिया, डॉ. रुखसार,डॉ. आदिल,डा.अरमान, डॉ प्रीति डॉ,रिजमीन, डॉ सारो आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालातों में किशोरी लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। परिजनों को बगैर बताएं एक किशोरी घर से कहीं चली गई जिसे तमाम तलाश के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मधुबन नगर लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 22 सितंबर को अपराह्न लगभग 12 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। उसका मोबाइल बंद जा रहा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी किशोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुणसूद की दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया है।

# उत्तराखंड की टीम ने सिक्किम को हराया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जूनियर अंडर 17 बालक नेशनल फुटबाल चेम्पियनशिप में उत्तराखंड की टीम ने अपने मैच में सिक्किम की टीम को पराजित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित की जा रही जूनियर अंडर 17 बालक नेशनल फुटबाल चौम्पियनशिप में उत्तराखंड तथा सिक्किम के मध्य मैच खेला गया। जिसमें उत्तराखण्ड टीम ने 2-0 से सिक्किम को हराया है। जिसमे हिपजात खान व गोल कुनाल नेगी ने एक एक गोल किया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गुरू माँ

# उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत

गुरू माँ

36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac

Premium Split Ac

Mid-Range Split Ac

Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

**Easy EMI** Options Available

गुरू माँ

# GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338